एक नजर में

जांगड़ा पोरवाल समाज का होली मिलन समारोह

इंदौर . जांगड़ा पोरवाल पंचायती सभा, इंदौर द्वारा तीन दिवसीय होली महोत्सव मनाया गया जिसमे 1 मार्च को फाग उत्सव 2 मार्च को होलिका दहन तथा 4 मार्च को होली मिलन समाहरो मनाया गया . उत्सव समिति के अरुण पोरवाल ने बताया की जांगड़ा पोरवाल समाज परिसर, नृसिह मंदिर (श्री राम मंदिर), छत्रीबाग में आयोजित होली मिलन और सम्मान समारोह में 4000 समाजजन शामिल हुए . इस अवसर पर अध्यक्ष रामदयाल फरक्या सचिव अशोक मेहता, सुभाष धनोतिया, श्याम राणापुर कृष्णकांत मजावदिया, हेमलता जी, प्रियंका गुप्ता, सतोष मेहता, अमित मेहता प्रमुख रूप से शामिल रहे .

साईं बाबा की पालकी का घर-घर हुआ पूजन

इंदौर . केन्द्रीय साईं सेवा समिति की मेजबानी में शुक्रवार को सुबह कुशवाह नगर एवं बाणगंगा का समूचा क्षेत्र साईं बाबा के जयघोष से गुंजायमान बना रहा। सैकड़ों साईं भक्तों सहित निकली साईं बाबा की प्रभात फेरी एवं सुसज्जित पालकी में विराजित साईं बाबा का पूजन करने के लिए पूरे समय भक्तों में होड़ लगी रही .

कुशवाह नगर स्थित साईं भक्त बसंत सांवले के निवास से निकली इस पालकी यात्रा में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया . ब्रह्मलीन साईं भक्त विनिता पाठक को समर्पित इस प्रभात फेरी में भजन गायक प्रदीप परमार एवं अक्षत शर्मा ने साईं भक्तों को पूरे समय अपने भजनों पर थिरकाए रखा . श्री केन्द्रीय सांई सेवा समिति के अध्यक्ष गौतम पाठक, प्रदीप यादव और समीर जोशी ने बताया कि बसंत सांवले के निवास पर पालकी के पूजन और भजन संकीर्तन से शुरू हुई यह यात्रा जैसे-जैसे आगे बढती गई, साईं भक्तों का जोश और उत्साह भी कई गुना बढ़ता गया . बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने राधा और कृष्ण बनकर साईं भक्तों के साथ कदम से कदम और ताल से ताल मिलाकर बाबा के जयकारे लगाए । यात्रा की अगवानी के लिए घर-घर रंगोली और दीपों से सज्जा की गई थी । यात्रा में मुख्य रूप से चंदू कुंजीर, आलोक खादीवाला, वासुदेव चावला, संतोष भुसारी, ज्ञानेश्वर होलकर, अशोक गायकवाड, हरीश जोशी, कपिल खादीवाला, मोहन पाटीदार, निक्की चौधरी, लक्की वर्मा, प्रतीक अमेरिया, चिराग तिवारी ने यात्रा में शामिल होकर रहवासियों को 26 मार्च को बड़ा गणपति से छत्रीबाग साईं मंदिर तक रामनवमी पर निकलने वाली भव्य पालकी यात्रा का न्योता दिया . शनिवार को साईं बाबा की प्रभात फेरी एवं पालकी यात्रा सुबह 5 बजे से द्वारकापुरी क्षेत्र में निकलेगी .

श्रमण संघ की सेवा धर्म की सेवा है : महेंद्र ऋषि

इंदौर . श्री ऑल इंडिया श्वेतांबर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस मध्य प्रदेश प्रांतीय शाखा का युवाचार्य महेंद्र ऋषि के सानिध्य में प्रांतीय सम्मेलन महावीर बाग में संपन्न हुआ . इसमें अभिग्रह धारी राजेश मुनि, प्रवचनकर अभिषेक मुनि, विकसित मुनि, निमाड़ सौरभ रमणीक कुंवर आदि ठाना, प्रवर्तनी दिव्या ज्योति आदि ठाना, अरुणा मसा आदि ठाना उपस्थित थे . कार्यक्रम में जैन कॉन्फ्रेंस नई दिल्ली के राष्ट्रीय महामंत्री अमित राय, राष्ट्रीय चेयरमैन विश्वस्थ्य मंडल रमेश भंडारी इंदौर से, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष संतोष जैन दिल्ली से, राष्ट्रीय महिला महामंत्री ऋचा जैन दिल्ली से, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विनय कुमार जैन दिल्ली से, राष्ट्रीय समन्वयसक सुरेश लुणावत दिल्ली से, मुख्य रूप से उपस्थित थे . प्रांतीय सम्मेलन दो चरण में संपन्न हुआ पहले चरण में प्रवचन व प्रांतीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय पदाधिकारियों का उद्बोधन हुआ जिसमें राष्ट्रीय महामंत्री अमित राय ने 120 साल पुरानी संस्था के बारे में विस्तार से बताया . विश्वास मंडल के अध्यक्ष रमेश भंडारी ने बताया कि मध्य प्रदेश प्रांत द्वारा यह जो कार्यक्रम किया गया है अपने आप में प्रेरणादायक रहेगा . अब हमें सदस्यता विस्तार पर कार्य करना है ध्यान देना चाहिए . दूसरे सत्र में श्रवण संघ को कैसे और ऊंचाइयों पर ले जाए जिस पर बहुत सदस्यों ने अपनी बात लिखकर युवाचार्य महेंद्र ऋषि को अपनी समस्या बताइ जिस की समस्या का समाधान युवाचार्य ने किया . उन्होंने कहा श्रमण संघ की सेवा धर्म की सेवा है . इसमें मुख्य रूप से प्रांतीया अध्यक्ष हुलाशजी बेताला, महामंत्री पीयूष जैन, भूतपूर्व अध्यक्ष ललित छलानी, मुख्य संयोजक व राष्ट्रीय अध्यक्ष मानव सेवा के प्रकाश भटेवरा, सह महामंत्री कांतिलाल मेहता, हेमंत बोरा, शिखर बाफना, जिनेश्वरजी जैन, कोषाध्यक्ष राजेश झामड़, महिला शाखा अध्यक्ष सुनीता छजलानी, युवा शाखा अध्यक्ष सुविधि झवेरी, अमित मोदी, अरुण जैन, सुभाष विनायक, इंदौर व आस पास से करीब 800 से ज्यादा इस कार्यक्रम में उपस्तिथ थे . संचालन महामंत्री पियूष जैन ने किया . अंत मै आभार कांतिलाल मेहता ने किया .

दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद का शपथ विधि 9 को

इंदौर . दिगंबर जैन समाज , सामाजिक संसद के नव मनोनीत संचालक मंडल का शपथ विधि समारोह 9 मार्च को रात 7 बजे एम जी रोड , स्थित प्रेस क्लब हाल में होगा . दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष श्री विनय बाकलीवाल एवं प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि कमेटी में परम संरक्षक, संरक्षक , परामर्शदाता , वरिष्ठ उपाध्यक्ष , मंत्री , संयुक्त मंत्री , युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ, चिकित्सा प्रकोष्ठ , विधि प्रकोष्ठ, धार्मिक गतिविधि प्रकोष्ठ आदि बनाए गए हैं उनके सभी पदाधिकारी उस दिन पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे . महावीर जन्म कल्याणक के संयोजक, सह-संयोजक की घोषणा भी उसी दिन की जाएगी . संविधान संशोधन पर भी चर्चा होगी .

दिगंबर जैन समाज महावीर स्वामी का जन्म कल्याण 30 को मनाएगा

इंदौर . इंदौर दिगंबर जैन समाज भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याण महोत्सव 30 मार्च को मनाएगा . सभी आचार्य भगवंतो ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी का जन्म चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी को हुआ था और इस वर्ष यह तिथि 30 मार्च है . दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि सामाजिक संसद के अध्यक्ष श्री विनय बाकलीवाल, महामंत्री देवेंद्र सोगानी, मुख्य समन्वयक डी के जैन, संगठन महामंत्री जैनेश झांझरी के नेतृत्व में 50 सदस्यों का दल गोकुलपुर पहुंचा । * वहां विराजित मुनि आदित्य सागर महाराज ससंघ के चरणों में श्रीफल समर्पित कर महावीर जन्म कल्याणक दिवस पर इंदौर पधारकर कार्यक्रमों में सम्मिलित होने का आग्रह किया, जिसे गुरुदेव ने सहर्ष स्वीकार कर अपना मंगल आशीर्वाद प्रदान किया . इस अवसर पर समाज के युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष महावीर जैन, अक्षय काला, ऋषभ पाटनी , राजेश काला, महावीर बैनाड़ा, राजकुमार जैन, दिलीप लुहाड़िया ,अशोक टोंग्या , चंद्र कुमार गोधा, जीतू पाटौदी, संजय बड़जात्या आदि अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे ।

यूपीएससी : दृष्टिबाधित अक्षत और दीक्षा व समीक्षा ने लहराया परचम

अक्षत ने पहले प्रयास में हासिल की 173वीं रैंक
दीक्षा व समीक्षा ने टॉप 100 में बनाई जगह

नवभारत न्यूज़

इंदौर. संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने शुक्रवार को सिविल सेवा परीक्षा 2025 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया. इस बार कुल 958 पदों के लिए उम्मीदवारों का चयन किया गया है. इंदौर के 100 प्रतिशत दृष्टिबाधित अक्षत बलदवा ने अपने पहले ही प्रयास में ऑल इंडिया 173वीं रैंक हासिल कर प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया है. वहीं शहर की दीक्षा चौरसिया ने 44वीं और समीक्षा द्विवेदी ने 56वीं रैंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है.

मजबूत इरादों और निरंतर मेहनत से कठिन से कठिन लक्ष्य भी हासिल किए जा सकते हैं. इसका उदाहरण इंदौर के अक्षत बलद्वा हैं, जिन्होंने 100 प्रतिशत दृष्टिबाधित होने के बावजूद संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा में पहले ही प्रयास में ऑल इंडिया रैंक 173 प्राप्त की है.

अक्षत की शुरुआती पढ़ाई हिंदी माध्यम के सरकारी स्कूल से हुई. 11वीं और 12वीं तक उन्होंने

हिंदी माध्यम से ही शिक्षा प्राप्त की. इसके बाद उन्होंने कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट) पास कर नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी में एलएलबी में प्रवेश लिया. हिंदी माध्यम से पढ़ाई करने के बाद अचानक अंग्रेजी माहौल में पढ़ाई करना उनके लिए चुनौतीपूर्ण था. कॉलेज के शुरुआती वर्षों में उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा और अंक भी उम्मीद के मुताबिक नहीं आए, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और धीरे-धीरे खुद को उस माहौल के अनुरूप ढाल लिया.

अक्षत ने यूपीएससी की तैयारी कॉलेज के पांचवें वर्ष में शुरू की। उस समय एक ओर लॉ कॉलेज का अकादमिक दबाव था और दूसरी ओर सिविल सेवा की तैयारी. दोनों को साथ संभालना आसान नहीं था, लेकिन उन्होंने लगातार मेहनत जारी रखी.

वर्ष 2025 में ग्रेजुएशन पूरा करने के बाद उन्होंने उसी साल यूपीएससी का पहला प्रयास दिया और 173वीं रैंक हासिल कर ली. तैयारी के दौरान आत्मप्रेरणा और इस सफर में परिवार का भी उन्हें पूरा सहयोग मिला और उनकी मां लगातार उनका हौसला बढ़ाती रहीं.

लगातार असफलताओं के बाद चौथे प्रयास में मिली बड़ी सफलता

दीक्षा चौरसिया ने यूपीएससी परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 44 हासिल कर अपनी मां का सपना पूरा किया. उनकी मां डॉक्टर हैं और युवावस्था में सिविल सेवा में जाना चाहती थीं. यही सपना आगे चलकर दीक्षा की प्रेरणा बना. दीक्षा ने 12वीं तक की पढ़ाई इंदौर से की. इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस कॉलेज से इतिहास ऑनर्स में स्नातक किया. वर्तमान में वे पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातकोत्तर की पढ़ाई भी कर रही हैं.

दीक्षा ने अपनी यूपीएससी यात्रा वर्ष 2022 में शुरू की. पहले प्रयास में वे प्रारंभिक परीक्षा पास नहीं कर सकीं. दूसरे प्रयास में मुख्य परीक्षा में मात्र 12 अंकों से चूक गईं. तीसरे प्रयास में फिर प्रीलिम्स नहीं निकल पाया. लगातार प्रयास और धैर्य के बाद चौथे प्रयास में उन्होंने 44वीं रैंक हासिल कर सफलता प्राप्त की.

कॉर्पोरेट कॅरियर छोड़कर चुना सिविल सेवा का रास्ता

समीक्षा द्विवेदी ने यूपीएससी परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 56 हासिल की है . निजी स्कूल से 12वीं करने के बाद उन्होंने कंप्यूटर साइंस में बीटेक किया और सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में करियर शुरू किया . करीब तीन साल तक सॉफ्टवेयर कंपनी में काम करने के बाद उन्होंने एमबीए भी किया और कॉर्पोरेट सेक्टर में सेवाएं दीं . इसी दौरान समाज के लिए कुछ करने की इच्छा जागी . इसके बाद उन्होंने सिस्टम के भीतर रहकर बदलाव लाने का निर्णय लिया और वर्ष 2020 में यूपीएससी की तैयारी शुरू की . लगातार मेहनत और धैर्य के बाद उन्हें पांचवें प्रयास में सफलता मिली और उन्होंने 56वीं रैंक हासिल की .

ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्य शीघ्र पूर्ण करें

मंत्री सिलावट की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

इंदौर. जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला पंचायत कार्यालय इंदौर के सभाकक्ष में सांवेर विधानसभा क्षेत्र की 29 ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक सम्पन्न हुई.

बैठक में विधानसभा सांवेर क्षेत्र में जल गंगा संवर्धन, विधायक निधि, मुख्यमंत्री ग्राम सडक अधोसंरचना, 15वां वित्त आयोग, 5वां वित्त आयोग, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना, मनरेगा संबंधी विकास कार्य आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई.

सभी पंचायतों को अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक विकास कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए गये.बैठक में निर्णय लिया गया कि सांवेर विधानसभा की ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों में प्रगति लाते हुये उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण किया जायेगा. बैठक में जनपद पंचायत इंदौर के अध्यक्ष विश्वजीत सिंह सिसोदिया, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश मालवीय, विधायक प्रतिनिधि कमल पटेल, जिला पंचायत सदस्य रामेश्वर चौहान, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि बृजमोहन राठी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिद्धार्थ जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रियंका टैगोर, इंदौर जनपद पंचायत के सांवेर विधानसभा के समस्त सरपंच, सचिव एवं जनपद के अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे.

जल संचय जन भागीदारी अभियान की जानकारी दी

मंत्री सिलावट एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जैन द्वारा जल संचय जन भागीदारी अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई. उक्त अभियान में अधिक से अधिक कार्य किये जाने हेतु निर्देशित किया गया.

दुर्घटना में घायल मरीजों की उपचार प्रक्रिया को सरल बनाएं

इंदौर. भारत सरकार द्वारा सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों को नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 23 फरवरी को प्रधानमंत्री राहत योजना प्रारंभ की गई है. इस योजना के तहत दुर्घटना में घायल मरीजों को डेढ़ लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार प्रदान किया जाएगा.उक्त योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष क्रमांक 102 में एक बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिले के शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों तथा मेडिकल कॉलेजों के संचालक, प्रबंधक एवं आयुष्मान मित्र उपस्थित रहे. बैठक को संयुक्त कलेक्टर रोशनी वर्धमान, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शरद गुप्ता, डॉ. हेमंत गुप्ता तथा पुलिस विभाग से एडिशनल डीसीपी मीना चौहान द्वारा संबोधित किया गया. अधिकारियों ने योजना की प्रक्रिया, प्रावधानों एवं अस्पतालों की भूमिका के संबंध में विस्तृत जानकारी दी. बैठक में डीपीएम अमित मोर द्वारा पोर्टल का प्रस्तुतिकरण किया गया तथा टीएमएस से संबंधित प्रस्तुति आयुष्मान जिला समन्वयक राहुल चौकसे द्वारा दी गई.

अधिकतम लाभ प्रदान करें

अधिकारियों द्वारा सभी निजी एवं शासकीय चिकित्सालयों को निर्देशित किया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल सभी मरीजों को इस योजना के अंतर्गत अधिकतम लाभ प्रदान किया जाए तथा उपचार प्रक्रिया को शीघ्र और प्रभावी बनाया जाए .

महिलाएं हर क्षेत्र में लिख रही हैं प्रगति की नई इबारत

51 महिलाओं को नारी शक्ति अवार्ड से किया सम्मानित
फाग उत्सव में राधा कृष्ण के साथ खेली फूलों की होली

इंदौर। नारी शक्ति वंदनीय है। वह हर क्षेत्र में प्रगति और विकास की नई इबारत लिख रही है। नारी किसी कार्य को करने की ठान ले तो उसे पुरा करके ही विश्राम लेती है।

ये विचार मुख्य अतिथि सांसद शंकर लालवानी के है, जो उन्होंने मालवा जर्नलिस्ट फोरम के मंच पर जाल सभाग्रह में आयोजित नारी शक्ति अवार्ड समारोह में कहे. मालवा जर्नलिस्ट फोरम द्वारा 51 महिलाओं को नारी शक्ति अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया।

पर्यावरणविद् डॉ. शंकरलाल गर्ग ने कहा इस आयोजन में पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य कर रही जो महिलाएं सम्मानित हुई वे अन्य महिलाओ को भी प्रेरित करें.

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त इंदौर मुख्यालय सीमा अलावा ने कहा कि महिलाएं किसी से कम नहीं है बस उन्हें आगे बढ़ने के अवसर मिलना चाहिए.

मोटिवेशनल स्पीकर टिम्सी राय ने प्रेरक प्रसंग और बोध कथाओं के माध्यम से नारी शक्ति को नए सिरे से परिभाषित करते हुए उनका परिचय दिया. भाजपा नगर उपाध्यक्ष डॉ. दीप्ति सिंह हाड़ा ने कहा कि महिलाएं छोटे-छोटे कार्यों से भी समाज और राष्ट्र को बहुत खूबसूरत और मजबूत बना रही है. फिल्म अभिनेत्री सारिका दीक्षित ने कहा कि यदि महिलाओं को समान अवसर मिलेंगे तो वे समाज को बेहतर बनाने की पूरी क्षमता रखती है.

निजी ट्रेवल्स कंपनी के सीईओ अविनाश कुमार ने कहा कि महिलाएं घर से लेकर परिवार का बेहतर संचालन कर सकती है।. राजपूत करणी सेवा के राष्ट्रीय महासचिव सुरेश सिंह सोनगरा ने कहा कि महिलाएं केवल ममता का सागर और करुणा की मूर्ति ही नहीं बल्कि शक्ति की देवी भी है.

फाग उत्सव का भी आयोजन

सम्मान समारोह के बाद फाग उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें, राधा - कृष्ण के साथ फूलों से होली खेली. स्वागत उद्बोधन में अध्यक्ष लोकेंद्रसिंह थनवार ने कहा कि मालवा जर्नलिस्ट फोरम पत्रकारों का प्रदेश स्तरीय संगठन है, जो पत्रकारों के हित मे कार्य करता है।. अतिथि स्वागत कमलेश श्रीवास्तव, धर्मेंद्र शुक्ला, राजेंद्र सिंह, मुकेश शर्मा, गिरीश कानूनगो, अर्जुनसिंह राजपूत, जगदीश जोशी, राम किशोर लोवंशी, हेमंत व्यास, अशोक शर्मा ने किया. संचालन प्रवीण जोशी ने किया और आभार माना सरिता शर्मा ने.

जीवन का सबसे बड़ा आसरा राम नाम

इंदौर. जीवन में सब कुछ छूट जाए लेकिन कथा यानी राम का नाम नहीं छूटना चाहिए. राम का नाम ही जीवन का आधार है. राम लिखे पाषाण भी जल में डूब नहीं पाए. यह राम के नाम का ही प्रताप रहा कि रामायण सीरियल के प्रसारण के समय देश में जन जीवन ठप्प हो जाता था. जीवन का सार राम नाम के लेगे तो बड़े आराम से जीवन गुजर जाएगा. ओर यही जीवन का सबसे बड़ा आसरा भी है.

यह विचार गोवर्धन गौशाला में श्रीमद भागवत कथा में शुक्रवार को मालवा के संत तथा भागवत मर्मज्ञ पंडित कमल किशोर जी नागर ने कदम के असंख्य पेड़ों की छाँव में विराजित हजारों कथा प्रेमियों को सम्बोधित करते हुए कही. कथा के लाभार्थी महेंद्र पटेल व यशवंत पटेल ने बताया कि नागर जी द्वारा प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक कथा का वाचन किया जा रहा है. 7 मार्च को कथा में श्री कृष्ण जन्म का प्रसंग होगा। 10 मार्च को सुदामा चरित्र के विवरण के साथ कथा विराम लेगी. कथा में गौशाला समिति के सरदारसिंह सोलंकी, राधेश्याम पटेल, विनोद सोलंकी, संतोष निमचा आफिस उपस्थित थे. गोवर्धन गौशाला गोमटगिरी की तलती में हो रही श्रीमद् भागवत कथा में इंदौर जिले ही नहीं इंदौर उज्जैन धार मंदसौर नीमच अनेक जिलों से श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं. 50000 से ज्यादा श्रद्धालु कथा का श्रवण कर रहे हैं वहीं भोजन प्रसादी में भी इसे डेढ़ गुना व्यक्ति रोजाना सहभागिता कर रहे हैं.

लधवे बने किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री

इंदौर. होलिका पर्व के मौके पर भाजपा ने किसान कल्याण वर्ष के तहत संगठन में महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं. इसमें बुरहानपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज लधवे को प्रदेश किसान मोर्चा का महामंत्री मनोनीत किया गया है. यह घोषणा होते ही कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटकर खुशी जताई. राजनीतिक हलकों में इसे श्री लधवे की संगठनात्मक सक्रियता और जमीनी पकड़ का परिणाम माना जा रहा है.

लधवे का राजनीतिक सफर वर्ष 2010-11 में भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पद से शुरू हुआ. उनके कार्यकाल को संगठन विस्तार और सामाजिक अभियानों के लिए याद किया जाता है. नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर उन्होंने जिले में बड़े स्तर पर रक्तदान अभियान चलाया. युवा मोर्चा कार्यालय के माध्यम से लगभग 30 हजार रक्तदाताओं की सूची तैयार कर जरूरतमंदों, विशेषकर प्रसूता महिलाओं को समय पर रक्त उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई. इतना ही नहीं, महाराष्ट्र और प्रदेश के अन्य जिलों तक भी रक्त

पहुंचाने की पहल की गई. लधवे के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण को लेकर कई पौधारोपण अभियान चलाए गए. संगठनात्मक बैठकों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही. जब वे भाजपा जिलाध्यक्ष बने, तब उन्होंने संगठन में समन्वय और अनुशासन की संस्कृति को मजबूत किया. लधवे ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की अस्थियों को व्यवस्थित रूप से संरक्षित कर जिला मोहन नगर स्थित भाजपा कार्यालय के सामने मध्यप्रदेश का पहला ऐतिहासिक अटल स्मृति स्थल का निर्माण कराया. साथ ही भाजपा कार्यालय का नामकरण अटल कुंज किया गया. यह कदम कार्यकर्ताओं के लिए भावनात्मक जुड़ाव का केंद्र बना.

एक नजर में — **मप्र पुलिस के अश्वारोही दल ने दिया अपने अदम्य साहस और उत्कृष्ट कौशल का परिचय**

घुड़सवारी प्रतियोगिता में मप्र पुलिस ने 6 पदक जीतकर लहराया परचम

इंदौर. ग्वालियर के टेकनपुर स्थित बीएसएफ अकादमी में आयोजित 44वीं अखिल भारतीय पुलिस घुड़सवारी प्रतियोगिता एवं माउंटेड पुलिस ड्यूटी मीट (2025-26) में मध्य प्रदेश पुलिस के अश्वारोही दल ने अपने अदम्य साहस और उत्कृष्ट कौशल का परिचय देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर कुल 06 पदक जीतकर मध्यप्रदेश पुलिस का मान बढ़ाया है.

इसी उपलब्धि में पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश पुलिस कैलाश मकवाना ने म.प्र. पुलिस के अश्वारोही दल को पुलिस मुख्यालय भोपाल बुलाकर सम्मानित किया.

पुलिस महानिदेशक ने टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किया एवं सभी सदस्यों को नकद इनाम देने की घोषणा की. इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विसबल चंचल शेखर, पुलिस महानिरीक्षक विसबल इरशाद वली, पुलिस महानिरीक्षक आरएपीटीसी चन्द्रशेखर सोलंकी, उप पुलिस महानिरीक्षक आरएपीटीसी धर्मेन्द्र भदौरिया, कमांडेंट 15वीं वाहिनी इंदौर श्रीमती हितिका वासल, उपसेनानी आरएपीटीसी प्राची द्विवेदी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे.

21 दिग्गज टीमों ने लिया था भाग

इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारतीय सेना की तर्ज पर समस्त अर्धसैनिक बलों और विभिन्न राज्यों की कुल 21 दिग्गज टीमों ने भाग लिया. प्रतियोगिता में 345 उच्च प्रशिक्षित अश्वों और 700 कुशल घुड़सवारों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा हुई, जिसमें मध्य प्रदेश पुलिस के जांबाजों ने अपनी तकनीकी दक्षता सिद्ध की. पुलिस महानिरीक्षक आरएपीटीसी चन्द्रशेखर सोलंकी ने प्रतियोगिता के मध्य स्वयं टेकनपुर, ग्वालियर पहुंचकर टीम का मनोबल बढ़ाया और टीम की सराहना की. आरक्षक धनश्याम प्रजापति ने साईड टेस्ट में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता. आरक्षक फराज खान ने क्रॉस कंट्री स्पर्धा में स्वर्ण और रजत पदक सहित 5 मेडल हासिल किए.